Any further information/corrigendum/addendum etc. pertaining to this recruitment will be uploaded on www.npcil.nic.in and www.npcilcareers.co.in. Please keep referring these web portals.

NPCIL strives to have a workforce which reflects gender balance and women applicants are encouraged to apply

Nuclear Power – A step towards development----------

''स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो''
एनपीसीआईएल, भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करता है।
न्यूक्लियर विद्युत – एक अपरिहार्य विकल्प

PATTERN OF ONLINE TEST AND SYLLABUS

For the post of Dy. Managers in HR, F&A, C&MM and Legal

The online test will have 120 questions to be answered in two hours duration: (Part-I -50 questions & Part-II -70 questions)

The online written test consists of two parts viz.

Part- I	**Management & General Aptitude**
	English Language, Quantitative Aptitude and Management Aptitude & Intellectual Potential, Ethics in Public Service, RTI Act, 2005
Part-II	**Functional knowledge**
	consisting of questions relating to relevant professional qualification pertaining to respective cadres.

Each correct answer will carry (01) marks whereas each wrong answer will attract (0.25) marks. No marks will be allotted to un-attempted questions.

SYLLABUS FOR THE POST OF : Dy.MANAGER (HUMAN RESOUCES)

Sl. No.	Topics
1.	Personnel Management: Functions, Job analysis, Job Description, Job Evaluation, Organization Structure, Manpower Planning, Recruitment & Selection, Placement and Induction
2.	Principles and Practices of Management
3.	HRM concepts and functions, Performance appraisal, Career planning, Succession Planning
4.	Job Specification, Competency Development, Communication.
5.	Training and Development, Management Development
6.	Compensation Management
7.	Organizational Behavior: Concepts, Importance, Evolution, Group Dynamics, Motivation, Morale, Leadership, Job satisfaction, Organizational Change, Organizational Development, Organizational Climate
8.	Industrial Relations : concept, scope, IR systems, Industrial disputes, Machinery for settlement of industrial disputes, workers participation in management, code of discipline, ILO, Grievance handling and Disciplinary action
9.	Trade Unions : Meaning, objectives, functions, theories, trade union movement in India, trade union leadership, inter and intra union rivalry, role of different parties, Bi-party, Tripartism
10.	Labour Legislation: Principles of labour legislation, Implementation machinery, Labour legislation and Indian constitution. Factories Act, 1948, Industrial Disputes Act, 1947, Trade Union Act, 1926, Payment of Gratuity Act, 1972, Contract Labour (Abolition) / Regulation Act, Workmen's Compensations Act, 1923, Payment of Wages Act, 1936, Minimum Wages Act, 1948, Industrial Employment Standing Orders Act, Maternity Benefit Act, 1961, Employees Provident Fund & Misc. Provisions Act, Employees State Insurance Act.
11.	Right to Information Act, 2005
12.	Sexual Harassment of Women at Work Place (Prevention, Prohibition of Redresses Act.) 2013
13.	The Rights of Persons with Disabilities Act, 2016

SYLLABUS FOR THE POST OF: Dy. MANAGER (LEGAL)

Sl. No.	Topics
1.	**Constitutional law of India** : Preamble, Fundamental rights and duties, directive principles of state policy, Judiciary, Executive, Union State Legislative Relations, Emergency provisions, Amendment of the constitution, Writ jurisdiction
2.	**Legal Theory** : Nature and sources of Law, Natural law theory, sociological jurisprudence, Theories of punishment, Rights and duties, Concepts of possession and ownership
3.	**Public International Law** : Nature of International Law and its relationship with Municipal Law, Recognition of States & Governments, Settlement of International Disputes, Human Rights
4.	**Family Law** : Concepts of family law, Sources of Family law in India, Marriage and Dissolution of Marriage, Divorce, Maintenance, Matrimonial Remedies, Uniform civil code
5.	**Law of Contracts** – General Principles : Essentials of a valid contract, offer, acceptance and consideration, capacity to contract – Minor's contract, Elements vitiating contract – mistake, fraud, misrepresentation, public policy, coercion, undue influence, frustration of contract, Remedies for breach of contract – Damages.
6.	**Laws of Torts** – Foundation of Tortuous Liability, General Defences to an action of Torty, Vicarious liability, Remoteness of Damages, Contributory Negligence, Absolute and Strict Liability.
7.	**Laws of Crimes** – General Principles : Nature and Definition of offence, General Exceptions, Common Intention and Common Object, Criminal Attempt, Conspiracy and Abetment, Offences against women
8.	**Labour Laws** – Concepts, Industrial Disputes, Trade Unions – Rights and Immunities of Registered Trade Unions, Registration and its advances, Method of settlement of industrial disputes, Strikes and lockouts, Instrument of collective bargaining, Retrenchment, Lay offs, Closures and arbitration proceedings, The Contract Labour (Regulation & Abolition) Act
9.	**Environmental laws** – Environmental pollution, legislative measures for prevention and control of environmental pollution in India – Air and Water Pollution and General protection of environment, International development for protection of Environmental Pollution, Remedies for Environmental Protection – Civil, Criminal and Constitutional, Importance of Forest and Wildlife in protecting environment, Environmental impact assessment and control of hazardous wastes.
10.	**Business Legislations** : Partnership Act – nature and essentials of partnership, mutual rights and liabilities of partners, advantages of registration of firms, The sale of goods act, Negotiable Instruments Act, Company Law – Role of Directors, Doctrines of Indoor Management and Ultra Vires, Law pertaining to land acquisitions, Global Trade Regimes under International Law.
11.	Knowledge of Arbitration Act, Taxation Law, and other Social Welfare Legislation.
12.	Civil Liability Nuclear Damage(CLND) Act.2010

SYLLABUS FOR THE POST OF : Dy. MANAGER (C&MM)

Sl. No.	Topics
1.	Business Economics
2.	Accounting & Finance
3.	Legal aspects of Contracts-sale of Goods Act, Indian Contracts Act. etc.
4.	Goods and Services Tax
5.	Customs Duty
6.	Contract Securities – Bank Guarantees
7.	Project Planning & Schedule
8.	Concept and basic principles of e-procurement/e-Tendering/e-auction /Reverse Auction.
9.	Dispute resolution mechanism available in India.
10.	Consequences of breach of contract and remedies available to Purchaser
11.	Export-Import policy and procedures, legal framework of export-import, customs classification.
12.	Inco-terms 2010
13.	Customs clearance- Sea, Air, post procedure and documentation.
14.	Inventory control- ABC analysis, General principles of provisioning and procurement of common user items, fixing of minimum, maximum and re-order levels.
15.	Material handling: Handling of compressed gases, inflammable, toxic substances, chemicals and hazardous materials, strategic items etc.
16.	Emerging trends in Materials Management
17.	Third Party Logistics and Supply Chain Management.
18.	Vendor Development, Vendor Registration and Evaluation of performance of suppliers.

SYLLABUS FOR THE POST OF : Dy. MANAGER (F&A)

Sl. No.	Topics
1.	Double entry bookkeeping and principles.
2.	Maintenance of Book of Accounts prescribed by the Companies Act, 2013 – Schedule 3.
3.	Accounting standards
4.	Principles & Knowledge of Income Tax, VAT, CST, Service Tax, Central Excise and Customs Duties & Filing of returns and TDS
5.	Principles involved in raising of Finance and connected ratios.
6.	Statutory & Internal Audit
7.	Purchase procedures applicable for PSUs and Inventory control for Material Management.
8.	Principles of Costing / elements of cost analysis.
9.	Budget & Budgetary Control
10.	Sources and capital structure for infrastructure projects
11.	Working Capital Management and Liquidity Management for cash flow preparation.
12.	Debt Market and roll of intermediaries in debt issues
13.	Servicing of investors
14.	Applications of Computers for the above purpose.

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

Nuclear Power Corporation of India Limited

(भारत सरकार का उद्यम) (A Government of India Enterprise)

मानवं संसाधन प्रबंधन, 7 वॉ तल, उत्तरी स्कंध, विक्रम साराभाई भवन, अणुशक्तिनगर, मुंबई -400 094

Human Resource Management, 7th Floor, North Wing, Vikram Sarabhai Bhavan, Anushaktinagar, Mumbai – 400 094.

उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए) व स्टेशन ऑफीसर (ए) ग्रेड में अग्निशमन कार्मिक की भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन

विज्ञापन संख्या एनपीसीआईएल/मासंप्र/ईटी/2018/04

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यरत न्यूक्लियर पॉवर कार्पोरेशन ऑफ इंड़िया लिमिटेड (एनपीसीआईएल), एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (पीएसयू) है जो देश के न्यूक्लियर विद्युत संयंत्रों के विभिन्न पहलूओं, यथा अभिकल्पन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन आदि कार्यो में रत है। एनपीसीआईएल के सभी न्यूक्लियर विद्युत संयंत्र स्थलों में पूर्णतया सुसज्जित अग्निशमन केंद्र हैं। उत्तरदायित्वों के चुनौतीपूर्ण वातावरण में कार्य करने हेतु पात्र भारतीय नागरिकों से **उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए) व स्टेशन ऑफीसर (ए)** पद हेतु एनपीसीआईएल द्वारा ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1.0 रिक्तियों का विवरण:

क्र. सं.	पद का नाम	दिनांक 19/12/2018 को अधिकतम आयु	रिक्तियों की संख्या		कुल
			वर्तमान रिक्तियां	**बैकलॉग रिक्तियां**	
			सामा.	अ. पि. वर्ग (एनसीएल)	
1.	उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए)	40वर्ष	01	01	02
2.	स्टेशन ऑफिसर (ए)	40वर्ष	00	01	01

संक्षिप्तियां: *अना.- अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर)।*

अ.पि.व.(एनसीएल) आवेदकों के लिए आरक्षण, छूट व रियायतें, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार लागू होंगी।

2.0 शैक्षिक योग्यता व अनुभव

क्र. सं.	**पद का नाम**	**शैक्षिक योग्यता, अनुभव व अन्य मानदण्ड**
1.	उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए)	i) भौतिकी, रसायन विज्ञान में एसएससी या समकक्ष उत्तीर्ण + नेशनल फायर सर्विस कॉलेज या सीआईएसएफ फायर ट्रेनिंग सेंटर से डिवीज़नल ऑफीसर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण **अथवा** इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स, इंडिया/लंदन से स्नातक/ एसोसिएट मेंबर अनुभव : स्टेशन ऑफीसर के पद पर 06 वर्षों का अनुभव

		अथवा ii) फायर इंजीनियरिंग में बी.ई. अनुभव : स्टेशन ऑफीसर के पद पर 02 वर्षों का शारीरिक मानक : कोई अपंगता न हो लंबाई– 165 सेमी cms (न्यूनतम), वजन– 50 किलोग्राम (न्यूनतम), सीना - 81सेमी cms (सामान्य), सीना - 86 सेमी (फुलाने पर) तथा दृष्टि - 6/6, चश्में या अन्य किसी सहायक उपकरण के बगैर, रतौंधी या रंग-पहचान असमर्थता अयोग्यता मानी जाएगी। **नोट :** ए) उपर्युक्त अनुभव होने के बावजूद भी जिन अभ्यर्थियों के पास बी.ई.(फायर) की डिग्री नहीं है, उन्हें उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी/ए पद की आवश्यक अर्हता प्राप्त करने के पश्चात संबंधित क्षेत्र में 03 (तीन) वर्षों का अनुभव होना चाहिए। बी) कम से कम स्टेशन अधिकारी के पद पर कार्य करने का यह अनुभव किसी प्रतिष्ठित व पूर्णकालिक अग्निशमन सेवा संगठन का होना अनिवार्य है। सी) अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चालन का वैध लाइसेंस होना चाहिए और उसे फायर इंजनों, फायर पंपों व अन्य अग्निशमन उपकरणों के प्रचालन व अनुरक्षण की सटीक जानकारी होना अनिवार्य है।
2.	स्टेशन ऑफीसर (ए)	i) एसएससी या समकक्ष उत्तीर्ण, वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस व साथ ही नेशनल फायर सर्विस कॉलेज या सीआईएसएफ फायर ट्रेनिंग सेंटर से स्टेशन ऑफीसर पाठ्क्रम उत्तीर्ण **अथवा** इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स, इंडिया/लंदन से स्नातक **अनुभव:** सब ऑफीसर के पद पर 05 वर्षों का **अथवा** ii) फायर इंजीनियरिंग में बी.ई. अनुभव: आवश्यकता नहीं है। **शारीरिक मानक:** कोई अपंगता न हो लंबाई– 165 cms (न्यूनतम), वजन – 50 किलोग्राम (न्यूनतम), सीना - 81सेमी (सामान्य), सीना - 86 सेमी (फुलाने पर)

		दृष्टि - 6/6, चश्में या अन्य किसी सहायक उपकरण के बगैर, रतौंधी या रंग-पहचान असमर्थता अयोग्यता मानी जाएगी।. नोट: ए) उपर्युक्त अनुभव होने के बावजूद अभ्यर्थियों के पास, स्टेशन अधिकारी/ए पद की आवश्यक अर्हता प्राप्त करने के पश्चात संबंधित क्षेत्र में 03 (तीन) वर्षों का अनुभव होना चाहिए। बी) यह अनुभव किसी प्रतिष्ठित अग्निशमन सेवा संगठन का होना चाहिए। सी) अभ्यर्थी को फायर इंजनों, फायर पंपों व अन्य अग्निशमन उपकरणों के प्रचालन व अनुरक्षण की सटीक जानकारी होनी चाहिए।

3.0 वेतन लेवल व अनुमानित मासिक परिलब्धियां

पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल	वेतन मैट्रिक्स में वेतन	वेतन व 9%की दर से मंहगाई भत्ता	अनुमानित मासिक परिलब्धियां वेतन+ मंहगाई भत्ता
उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए)	10	₹. 56,100/-	₹. 5,049/-	₹. 61,149/-
स्टेशन ऑफीसर (ए)	8	₹. 47,600/-	₹. 4,284/-	₹. 51,884/-

ए.- मंहगाई भत्ता. मंहगाई भत्ता भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दरों पर आधारित है।

उपर्युक्त परिलब्धियों के अतिरिक्त, तैनाती के स्थान के आधार पर, नियमानुसार निम्नलिखित भत्ते, प्रोत्साहन व सुविधाएं भी उपलब्ध हैं:-

ए] भत्ते :

- परिवहन भत्ता
- आवास किराया भत्ता/पट्टा आवास सुविधा/ आवास
- स्थल अवस्थान भत्ता
- व्यावसायिक दक्षता अद्यतन भत्ता (वार्षिक)

बी] कर्मचारी लाभ व आनुषंगी सुविधाएं :

- छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी)/ स्वयं व परिवार के लिए छुट्टी यात्रा नकदीकरण
- छुट्टी व छुट्टी नकदीकरण
- स्वयं व आश्रित परिवार के लिए चिकित्सा सुविधाएं
- संतानों के लिए टाउनशिप के भीतर शिक्षा सुविधा

- संतान शिक्षा सहायता
- केबिल टीवी प्रभार प्रतिपूर्ति
- मोबाइल फोन प्रभार प्रतिपूर्ति
- विद्युत प्रभार की प्रतिपूर्ति/ नि:शुल्क बिजली यूनिट्स
- समाचारपत्र प्रभार प्रतिपूर्ति
- व्यावसायिक संस्थानों के सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति
- कैंटीन सहायिकी

सी] प्रोत्साहन :

- कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन

डी] ऋण एवं अग्रिम:

- ब्याजयुक्त अग्रिम (गृह-निर्माण, सामान्य प्रयोजन आदि)

ई] सेवानिवृत्ति लाभ/ सामाजिक सुरक्षा योजनाएं :

- कर्मचारी भविष्य निधि
- उपादान
- सेवानिवृत्ति पश्च चिकित्सा सुश्रुषा
- हितलाभ निधि
- समूह बीमा

4.0 आयु सीमा (दिनांक 19/12/2018 को आयु):

वर्ग	अधिकतम आयु सीमा (वर्ष)	निम्नलिखित तारीख या उससे पहले की जन्मतिथि
सामान्य (अनारक्षित)	40	19/12/1978
अन्य पिछड़ा वर्ग *(गैर क्रीमी लेयर)* (छूट- 03 वर्ष)	43	19/12/1975
पूर्व सैनिक (छूट- 05 वर्ष)	45	19/12/1973
वर्ष 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के आश्रित (डीईपी 1984) (छूट- 05 वर्ष)	45	19/12/1973
कार्रवाई के दौरान हताहत सैन्यकर्मियों के आश्रित (डीओडीपीकेआईए) (छूट- 05 वर्ष)	45	19/12/1973
जम्मू व कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग के दिनांक 01.01.1980 से दिनांक 31.12.1989 अधिवासी (डोमी कश्मीर) (छूट- 05 वर्ष)	45	19/12/1973

टिप्पणी :

i. यदि कोई आवेदक एक से अधिक वर्ग में आयु-छूट का पात्र है तो, उसे **समेकित आधार पर** आय-छूट दी जाएगी जिसमें **अधिकतम 56 वर्ष की आयु-सीमा के अधीन** रहते हुए किसी भी एक आयु-छूट वर्ग में आयु-छूट दी जाएगी ।

ii. अन्य पिछड़ा वर्ग *(गैर क्रीमी लेयर)* को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार छूट व रियायतें दी जाएंगी।

iii. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करते समय यथा प्रयोज्य 'क्रीमी लेयर' या 'गैर क्रीमी लेयर' की अपनी स्थिति दर्शानी होगी। 'क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को प्रदत्त छूट व रियायतें देय नहीं हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के'गैर क्रीमी लेयर' के अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा **दिनांक 01.04.2018 के बाद की तारीख** में जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही, अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को यदि साक्षात्कार हेतु बुलाया जाता है तो उन्हें साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने के समय एक घोषणा करनी होगी कि वे अन्य पिछड़ा वर्ग के 'गैर क्रीमी लेयर' से संबंधित हैं।

iv. यदि आरक्षित वर्ग के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है तो आरक्षित वर्ग के आवेदक गैर-आरक्षित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं: बशर्ते कि वे गैर-आरक्षित पदों के लिए विहित सभी मानदण्ड पूरे करते हों। **पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी चरण में उन्हें किसी प्रकार की छूट/रियायत दिए जाने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

v. एनपीसीआईएल में कार्यरत कर्मचारियों के मामले में, यदि वे अन्यथा विहित मानदण्ड पूर्ण कर रहें हों तो कोई अधिकतम आयु सीमा लागू नहीं होगी।

5.0 तैनाती का स्थान

एनपीसीआईएल इकाइयां/स्थल तारापुर (महाराष्ट्र), रावतभाटा (राजस्थान), कलपक्कम (तमिलनाडु), नरौरा (उत्तर प्रदेश), काकरापार (गुजरात), कैगा (कर्नाटक), कुडनकुलम (तमिलनाडु), गोरखपुर (हरियाणा) में अवस्थित हैं और अनेक परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। तथापि, एनपीसीआईएल के अग्निशमन कार्मिक को एनपीसीआईएल की किसी भी इकाई में स्थानांतरित किया जा सकता है।

6.0 चयन प्रक्रिया

(ए) उप मुख्य अग्नि शमन अधिकारी/ए

i. प्रारंभिक स्क्रीनिंग आवेदक द्वारा उनके लिए यथाविहित अनिवार्य योग्यता, अनुभव के समर्थन में उनके द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों तथा वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस के आधार पर की जाएगी। अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची पैरा सं. 8.0 पर उपलब्ध है। केवल विहित योग्यता व अनुभव धारी व इस प्रकार से 'स्क्रीन इन' पात्र अभ्यर्थियों को ही भर्ती के अगले चरणों, अर्थात शारीरिक मानदण्ड पुष्टि व तत्पश्चात मुख्यालय मुंबई में आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध किया जाएगा।

ii. विहित शारीरिक मानदण्ड पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु अनुमति प्रदान की जाएगी।

iii. अधिसूचित रिक्तयों के लिए अभ्यर्थियों का चयन पूर्णत: उनके व्यक्तिगत साक्षात्कार पर आधारित होगा।

(बी) <u>स्टेशन ऑफीसर /ए</u>

i. प्रारंभिक स्क्रीनिंग आवेदक द्वारा उनके लिए यथाविहित अनिवार्य योग्यता, अनुभव के समर्थन में उनके द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों तथा वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस के आधार पर की जाएगी। अपलोड किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची पैरा सं. 8.0 पर उपलब्ध है। केवल विहित योग्यता व अनुभव धारी व इस प्रकार से 'स्क्रीन इन' पात्र अभ्यर्थियों को ही भर्ती के अगले चरणों, अर्थात शारीरिक मानदण्ड पुष्टि, शारीरिक क्षमता आकलन व कमांड टेस्ट तथा तत्पश्चात मुख्यालय मुंबई में आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार हेतु सूचीबद्ध किया जाएगा।

ii. विहित शारीरिक मानदण्ड पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को शारीरिक क्षमता आकलन व कमांड टेस्ट हेतु अनुमति प्रदान की जाएगी।

iii. शारीरिक क्षमता आकलन व कमांड टेस्ट हेतु मानदण्ड निम्नानुसार हैं

क्र. सं.	**परीक्षण का विवरण**	**अभ्यर्थी की आयु**		
		40 वर्ष तक	**40-50 वर्ष के बीच**	**45-50 वर्ष के बीच**
1	100 मीटर तक दौड़ने में सक्षम होना चाहिए	25 सेकेंड	28 सेकेंड	30 सेकेंड
2	15 मीटर प्रत्येक की लंबाई वाले होजों की 4 लेंथ को पंप से ले जाकर बिछाने में सक्षम होना चाहिए	3-5 मिनट	4-6 मिनट	5-7 मिनट
3	इस समय के भीतर 10 मीटर एक्सटेंशन लैडर पर दो बार चढ़कर उतरने में सक्षम होना चाहिए	2-4 मिनट	3-5 मिनट	4-6 मिनट
4	इस समय के भीतर लगभग अपने वजन के बराबर के व्यक्ति को फायरमैन लिफ्ट विधि से 25 मीटर की दूरी तक ले जाने में सक्षम होना चाहिए.	3-5 मिनट	4- 6 मिनट	5-7 मिनट
5	इतनी पुशअप्स लगाने में सक्षम होना चाहिए	लगातार 20	लगातार 15	लगातार 12
6	इस समय के भीतर 1.6 किमी की दौड़ लगाने में सक्षम होना चाहिए	10-12 मिनट	12-14 मिनट	14-16 मिनट
7	रस्सी पर/सीधे पाइप पर चढ़ना	2-3 मीटर	अप्रयोज्य	अप्रयोज्य

नोट:

1. क्र.सं.1 पर वर्णित परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, इसमें असफल रहने पर अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र नहीं होगा।
2. उपर्युक्त के साथ ही, अभ्यर्थी को शारीरिक प्रशिक्षण, स्कॉट ड्रिलों, फायर फाइटिंग ड्रिलों, फायर फाइटिंग/ट्रेलर पंप प्रचालनों, वाहन चालन परीक्षा, फायर टेंडरों व फॉम टेंडर से फॉम को तैयार करने आदि में कुशल होना चाहिए।
3. 50 वर्ष से अधिक आयु वाले अभ्यर्थी, जो अन्यथा पात्र हैं, शारीरिक आकलन व कमांड टेस्ट के मानदण्ड 45-50 वर्ष के आयु समूह वाले अभ्यर्थियों के मानदण्ड के ही समान होंगे।

iv. शारीरिक आकलन व कमांड टेस्ट उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ही व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु चयनित किया जाएगा।

v. अधिसूचित रिक्तयों के लिए अभ्यर्थियों का चयन पूर्णत: उनके व्यक्तिगत साक्षात्कार पर आधारित होगा।

सी) उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए) व स्टेशन ऑफीसर (ए) का अंतिम चयन केवल और केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार में किए गए प्रदर्शन पर आधारित होगा। व्यक्तिगत साक्षात्कार के कुल 100 अंक होंगे। साक्षात्कार में अर्हता अंकों का विवरण इस प्रकार है:

अनारक्षित	-	70 %
अ. पि. वर्ग	-	60 %

(डी) <u>निर्णायक सिद्धांत:</u>

समान साक्षात्कार अंक प्राप्तकर्ता अभ्यर्थियों को जन्मतिथि के अनुसार वरिष्ठता के आधार पर वरीयता दी जाएगी। अतएव, साक्षात्कार में कट आफ अंको के बराबर अंक पाने वाले अभ्यर्थियों का चयन नहीं भी हो सकता है क्योंकि समान अंक पाने वाला अन्य अभ्यर्थी को जन्मतिथि के अनुसार वरिष्ठता के आधार पर चयनित किया जा सकता है।

7.0 <u>साक्षात्कार के लिए आने हेतु यात्रा भत्ता (टीए)</u>

टीए की प्रतिपूर्ति के लिए दी जाने वाली राशि अभ्यर्थी के बैंक खाते में इलेक्ट्रानिक माध्यम से की जाएगी। किसी प्रकार का नकद भुगतान नहीं किया जाएगा। तदनुसार, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए गए निर्धारित प्रपत्र में अपना बैंक विवरण देना होगा।

i. **<u>उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए)</u>**

साक्षात्कार के लिए चयन किए गए नगर से बाहर के आवेदकों को, टिकट/बोर्डिंग पास प्रस्तुत करने पर, प्रथम श्रेणी (प्रथम श्रेणी वातानुकूलित नहीं) / एसी तृतीय श्रेणी का लघुतम मार्ग से आने-जाने का रेल किराए (राजधानी/शताब्दी/दूरंतो एक्सप्रेस सहित) की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

ii. **स्टेशन ऑफीसर (ए)**

साक्षात्कार के लिए चयन किए गए नगर से बाहर के आवेदकों को, टिकट/बोर्डिंग पास प्रस्तुत करने पर, द्वितीय श्रेणी / शायिका श्रेणी का लघुतम मार्ग से आने-जाने का रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

8.0 प्रारंभिक संवीक्षा हेतु योग्यता, अनुभव व वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस की अपलोडिंग व साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों की पुष्टि:

अभ्यर्थियों को ऑन लाइन आवेदन में भरी गई योग्यता व अनुभव के स्व-प्रमाणित समर्थक दस्तावेज/प्रमाणपत्र एक **सिंगल पीडीएफ फाइल के रूप में जिसका साइज़ 1 एमबी से अधिक न हो** अपलोड करना होगा और यह प्रत्येक पद के सामने लिखे क्रम में निम्नानुसार होगा:

(i) डीसीएफओ/ए पद के लिए अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज/प्रमाण पत्र:

ए) भौतिकी व रसायनशास्त्र विषय के साथ एसएससी या समतुल्य परीक्षा
बी) नेशनल फायर सर्विस कॉलेज अथवा सीआईएसएफ फायर ट्रेनिंग सेंटर से डिवीजनल ऑफीसर कोर्स अथवा इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया/लंदन से स्नातक/एसोसिएट मेंबर अथवा फायर इंजीनियरिंग में बीई
सी) वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस
डी) वर्धित क्रम में अनुभव प्रमाणपत्र

(ii) स्टेशन ऑफीसर/ए पद के लिए अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज/प्रमाण पत्र :

ए) एसएससी या समतुल्य
बी) नेशनल फायर सर्विस कॉलेज अथवा सीआईएसएफ फायर ट्रेनिंग सेंटर से स्टेशन ऑफीसर कोर्स अथवा इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियर्स इंडिया/लंदन से स्नातक/एसोसिएट मेंबर अथवा फायर इंजीनियरिंग में बीई
सी) वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस
डी) वर्धित क्रम में अनुभव प्रमाणपत्र

प्रारंभिक स्क्रीनिंग आवेदक द्वारा ऑन-लाइन आवेदन में अपलोड किए गए दस्तावेजों एवं अन्य सूचनाओं जैसे आयु, वर्ग आदि के आधार पर की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि कृपया स्पष्ट व पढ़े जा सकने योग्य दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करें ताकि संवीक्षा स्तर पर निरस्त किए जाने की संभावना को दूर जा सके। केवल ''स्क्रीन इन'' पात्र अभ्यर्थियों को ही भर्ती के अगले चरणों के लिए चयनित किया जाएगा। साक्षात्कार के समय, आवश्यक समझे जाने पर, इन अपलोड दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान किया जाएगा।

साक्षात्कार के समय निम्नलिखित मूल दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थता उस अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए अपात्र कर देगी और ऐसे अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी ।

ए. जन्मतिथि (डीओबी) प्रमाण:

I. कक्षा 10 उत्तीर्णता प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि का उल्लेख हो।
अथवा,

II. स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र।

बी. योग्यता:

i. यथा विहित शैक्षिक/तकनीकी/व्यावसायिक योग्यताओं के समर्थन में वर्षवार/सेमेस्टरवार सभी प्रमाणपत्र/अंकपत्र।

ii. ऐसे आवेदक जिन्हें सीजीपीए प्रणाली के अनुसार ग्रेड दिए जाते हैं, उन्हें अपने विश्वविद्यालय/संस्थान से इस सीजीपीए ग्रेडेशन को विज्ञापित पद की आवश्यकता के अनुरूप उपयुक्त प्रतिशत में परिवर्तित कराने का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

सी. प्रासंगिक अनुभव प्रमाणपत्रों में अवधि व अनुभव का प्रकार स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए।

डी. वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस। अभ्यर्थियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि भर्ती के विभिन्न चरणों के दौरान उनके पास वैध भारी वाहन चालन लाइसेंस उपलब्ध रहे।

ई. केंद्रीय/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/ सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत आवेदकों को अपने संगठन से **''अनापत्ति प्रमाणपत्र''** लाना होगा। इसके बगैर उन्हें साक्षात्कार में भाग लेने के अनुमति नहीं दी जाएगी और कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

एफ. आवेदक ने यदि उनका नाम परिवर्तित किया हो तो उन्हें नाम परिवर्तन संबंधी गजट अधिसूचना/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

जी. पूर्व सैनिक प्रमाणपत्र- (यदि लागू हो तो)

एच. कार्रवाई के दौरान हताहत रक्षा सेवाकर्मियों के आश्रित (डीओडीपीकेआईए) होने के समर्थन में प्रमाणपत्र। (यदि लागू हो तो)

आई. जम्मू व कश्मीर राज्य के कश्मीर प्रभाग के दिनांक 01.01.1980 से दिनांक 31.12.1989 अधिवासी होने के समर्थन में प्रमाणपत्र, (डोमी कश्मीर) (यदि लागू हो तो)।

i. **<u>जाति प्रमाणपत्र</u>:**

i. अनु.जा./जन जा./अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के आवेदक को भारत सरकार द्वारा विहित प्रारूप में जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

ii. यदि अनु.जा./जन जा./अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र अंग्रेजी/हिंदी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया गया है, तो अभ्यर्थियों को अंग्रेजी अथवा हिंदी में उसका स्वप्रमाणित अनुवाद प्रस्तुत करना होगा।

9.0 व्यक्तिगत साक्षात्कार की भाषा :

साक्षात्कार में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को हिंदी अथवा अंग्रेजी में से किसी भी एक भाषा में उत्तर देने की अनुमति होगी।

10.0 आवेदन कैसे करें :

ए. पात्र आवेदक को केवल www.npcilcareers.co.in वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के माध्यम से आवेदन करना है । किसी अन्य प्रारूप, जिसमें हस्तलिखित/टाइप किए हुए आवेदन शामिल हैं, के माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया किसी भी दस्तावेज/आवेदन प्रपत्र आदि को साक्षात्कार से पहले एनपीसीआईएल को प्रेषित न करें।

बी. ऑनलाइन पंजीकरण **04/12/2018** को 10:00 बजे से प्रारंभ होगा और **19/12/2018** को 17:00 बजे समाप्त होगा ।

सी) सभी प्रासंगिक सूचनाएं जैसे, योग्यता संबंधी विवरण, अनुभव विवरण, अंकों का प्रतिशत, ई-मेल पता, संपर्क मोबाइल संख्या, पत्राचार हेतु पता आदि भरना अनिवार्य है। आवेदकों को पैरा 8.0 में दिए गए विवरण के अनुसार, योग्यता, अनुभव व वैध वाहन चालन लाइसेंस के दावों के समर्थन में स्व-सत्यापित दस्तावेज/प्रमाणपत्र भी अपलोड करने होंगे। अत:, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन करने से पहले वे इन सभी जानकारियों को तैयार रखें ।

डी) ऑनलाइन आवेदन से पहले आवेदक को **अपना फोटो जेपीईजी फार्मेट में स्कैन कर लेना चाहिए और यह 50 केबी से अधिक न हो तथा यह फोटो कम से कम 125 x 165 पिक्सल (4.4 cm x 5.8 सेमी आकार) वाला हो तथा हस्ताक्षर 20 केबी से अधिक न हो और इसका आकार कम से कम 125 x 80 पिक्सल (4.4 cm x 2.9 सेमी आकार) वाला हो।** अपलोड किए गए फोटो को शारीरिक क्षमता आकलन व कमांड टेस्ट/साक्षात्कार के बुलावा-पत्र पर प्रिंट किया जाएगा और केवल फोटोयुक्त बुलावा-पत्र वाले आवेदकों को ही चयन की अगली प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति (चयनित किए जाने व बुलाए जाने पर) दी जाएगी ।

ई. आवेदक कृपया अपना वैध एवं कार्यशील ई-मेल पता दर्ज करें क्योंकि सभी महत्वपूर्ण पत्राचार इसी ई-मेल पते से किए जाएंगे। आवेदक के मोबाइल यदि कार्यशील होंगे तो उन्हें एसएमएस भी भेजे जाएंगे। यदि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत मोबाईल संख्या टीआरएआई एनसीपीआर सूची (जिसे पहले डीएनडी कहा जाता था) में दर्ज होंगे तो आवेदक को पंजीकरण से संबंधित एसएमएस अलर्ट नहीं मिल पाएंगे। यदि आवेदक को एनपीसीआईएल से एसएमएस अलर्ट चाहिए हों तो कृपया सर्विस प्रदाता से अपने मोबाइल नंबर को एनसीपीआर सूची से हटाने के लिए अनुरोध करें ।

एफ. **ऑन-लाइन पंजीकरण प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण हैं:**

चरण-1 पंजीकरण के लिए ऊपर/बाईं ओर - ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन पर क्लि करें । आवेदक को सभी मौलिक जानकारियां जैसे, पूरा नाम, जन्म-तिथि, वर्ग, ई-मेल, मोबाइल नंबर भरना होगा। इस चरण को सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत, एक एक्टिवेशन लिंक जेनेरेट हो जाएगी और अभ्यर्थी की पंजीकृत ई-मेल आईडी पर भेज दिया जाएगा ।

चरण-2 आवेदक को पहले चरण में पंजीकरण करने के उपरांत ईमेल के माध्यम से प्राप्त एक्टिवेशन लिंक को क्लिक कर अपना एकाउंट एक्टीवेट करना होगा।

चरण-3 इस एक्टिवेशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात, अभ्यर्थी **ऑन-लाइन आवेदन** के लिए अपने लॉग-इन आईडी व पासवर्ड का प्रयोग कर लॉगइन कर सकते हैं। इस चरण में अभ्यर्थी को अपने सभी विवरण जैसे शैक्षिक योग्यताएं, कार्य अनुभव आदि भरने होंगे।

यह एक बहु-चरण प्रक्रिया है जिसमें आवेदक को पहले चरण की सूचनाएं भरने के बाद ही अगले चरण में जाने की अनुमति होती है। इस चरण का क्रम निम्नानुसार है:

1. शैक्षिक योग्यताएं
2. कार्य अनुभव, यदि कोई हो
3. व्यक्तिगत विवरण
4. आवेदकों को पैरा 8.0 में दिए गए विवरण के अनुसार, योग्यता, अनुभव व वैध वाहन चालन लाइसेंस के दावों के समर्थन में स्व-सत्यापित दस्तावेज/प्रमाणपत्र भी अपलोड करने होंगे ।
5. फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करना
6. एप्लीकेशन सबमिट करना।

उपर्युक्त चरणों के लिए लिंक **अप्लाई ऑन-लाइन मीनू (अप्लाई – अप्लाई ऑनलाइन)** पर उपलब्ध हैं। आवेदक को **'एजूकेशनल क्वालीफिकेशन्स'** वाले लिंक पर क्लिक कर इसे शुरू करना चाहिए। यह जानकारी सेव हो जाने के बाद अगला चरण **कार्य अनुभव** सूचनाएं भरने हेतु उपलब्ध हो जाएगा।

इस चरण से संबंधित सभी सूचनाएं भरने के बाद, आवेदक, इस प्रपत्र के सबसे नीचे की ओर दिए गए **''सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप''** विकल्प का उपयोग कर सकते हैं। इससे वर्तमान में भरी जा चुकी सूचनाएं सेव हो जाएंगी और अगले चरण में सूचनाएं भरने हेतु विकल्प खुल जाएगा। अगले चरण को भरने के लिए भी **अप्लाई ऑन-लाइन मीनू (अप्लाई – अप्लाई ऑनलाइन)** का प्रयोग किया जा सकता है।

इस सूचना को किसी भी चरण में आवेदन को, **''सेव ऐण्ड प्रोसीड टु नेक्स्ट स्टेप''** का उपयोग करते हुए सेव किया जा सकता है।

आवेदन भरने के समय जब आवेदक 'सबमिट अप्लीकेशन' वाली स्थिति में पहुंच जाता है तो अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों सहित भरी गई सभी जानकारियां ड्राफ्ट के रूप में दिखाई देंगी। इस समय आवेदक पहले भरे गए किसी भी विवरण में संशोधन कर सकते हैं।

यदि आवेदक को विश्वास है कि उसके द्वारा भरी/ अपलोडेड गई सभी जानकारी सही है तो, वह इस एप्लीकेशन, को ''सबमिट एप्लीकेशन'' बटन दबाकर सबमिट की जा सकती है। कृपया नोट करें कि, एक बार **एप्लीकेशन को ''सबमिट एप्लीकेशन'' बटन**

दबाकर सबमिट किए जाने के बाद, आवेदक को किसी भी प्रकार के संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी। एप्लीकेशन को सबमिट किए जाने के बाद एक पंजीकरण संख्या तैयार हो जाएगी।

चरण-4 केवल सामान्य / अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही रु. 500/- की गैर-वापसीयोग्य राशि तथा उस पर देय बैंक प्रभार के आवेदन शुल्क का, ऑन-लाइन आवेदन सबमिट करने के पश्चात, वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए **स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक** के माध्यम से भुगतान करना होगा | इस स्टेट बैंक कलेक्ट फैसिलिटी का उपयोग www.onlinesbi.co.in वेबसाइट पर स्टेट बैंक कलेक्ट ऑप्शन –क्लिक चेक बॉक्स एण्ड प्रोसीड-सेलेक्ट **स्टेट** के लिए **महाराष्ट्र – टाइप ऑफ कॉर्पोरेट/इंस्टीट्यूशन के** लिए **अदर्स – अदर्स** नाम के स्थान पीआर **एनपीसीआईएल -** सबमिट – सेलेक्ट पेमेंट कैटेगरी में रिक्रूटमेंट ऑफ **उप मुख्य अग्निशमन अधिकारी (ए)अथवा स्टेशन ऑफीसर(ए)** लिखें |

अनु.जा./ज.जा., पूर्व सैनिक, डीओडीपीकेआईए, महिला अभ्यिर्थियों व एनपीसीआईल कर्मचारी को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

आवेदकों को केवल इसी लिंक के माध्यम से ही शुल्क का भुगतान करना चाहिए। आवेदकों को पहले के चरण से प्राप्त आवेदन संख्या व अन्य विवरणों को **स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक** के माध्यम से भुगतान किए जाते समय सही-सही भरना होगा। कृपया नोट करें कि बैंक द्वारा शुल्क की प्राप्ति की सूचना प्राप्त होने के बाद आवेदन शुल्क संबंधी विवरण को अद्यतन करने में **तीन कार्यदिवसों** का समय लग सकता है। एक बार बैंक से आवेदन शुल्क संबंधी भुगतान प्राप्त हो जाने पर आवेदक इस विवरण को "एप्लीकेशन फी पेमेंट डिटेल्स'' लिंक पर जाकर देख सकते हैं।

केवल शुल्क के भुगतान के सत्यापन के बाद ही ऑनलाइन आवेदनपत्र को देखा / प्रिंट किया जा सकता हैं। साक्षात्कार के समय छपे हुए आवेदन पत्र को लाना आवश्यक है। **स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक** के माध्यम से ऑन-लाइन भुगतान करने के लिए दर्ज की जाने वाली आवेदन संख्या, आवेदक का नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी वही होनी चाहिए जिसे, ऑन-लाइन आवेदन के समय दर्ज किया गया हो ताकि भुगतान की पुष्टि की जा सके। एसबीआई के **स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक** के माध्यम से आवेदन शुल्क के भुगतान किए जाने पर लागू बैंक प्रभारों का वहन अभ्यर्थी द्वारा किया जाएगा। **स्टेट बैंक कलेक्ट लिंक** के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान केवल **04/12/2018** व **19/12/2018** के बीच ही किया जा सकेगा। साक्षात्कार के समय स्टेट बैंक कलेक्ट की छपी रसीद दिखानी होगी। स्टेट बैंक कलेक्ट की छपी रसीद भावी संदर्भ के लिए रखे।

जी. **आवेदन का पंजीकरण केवल उपर्युक्त सभी चरणों को पूरा करने के उपरांत ही पूर्ण होगा।**

एच. अभ्यर्थी द्वारा **'ऐप्लीकेंट लॉग-इन'** लिंक के माध्यम से अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

आई. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि **कृपया अपने ई-मेल लॉग-इन आईडी व पासवर्ड को नोट कर लें** क्योंकि उन्हें अपने आवेदन की जानकारी के लिए इस लॉग-इन की सहायता से वेबसाइट पर लॉग-इन करना होगा। अभ्यर्थी को आवेदन संख्या युक्त एक ई-मेल भी प्रेषित की जाएगी।

जे. योग्यता प्रतिशत के अंको वाले कॉलम में अंको का सटीक प्रतिशत लिखा जाना चाहिए न कि उन्हें राउंड ऑफ करके। उदाहरण के लिए 59.99% अंकों को राउन्ड ऑफ कर 60% नहीं किया जाना चाहिए।

के. यदि आवेदक को शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार हेतु चयनित किया जाता है तो उन्हें ई-मेल व एसएमएस द्वारा ''शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार'' बुलावा-पत्र की, वेबसाइट पर ऑन-लाइन उपलब्धता के बारे में सूचित किया जाएगा। शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार हेतु स्थान की सूचना साक्षात्कार बुलावा-पत्र में दी गई होगी। आवेदक ''अप्लीकेंट्स लॉग-इन'' में लॉगइन कर इसका प्रिंट ले सकते हैं। आवेदक को ''शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार'' बुलावा-पत्र की एक स्पष्ट छपी प्रति शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार स्थान पर अपने साथ लानी होगी। इसके बगैर उन्हें ''शारीरिक क्षमता परीक्षण/साक्षात्कार'' में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

एल. प्रारंभिक स्क्रीनिंग मुख्यतया, अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराए गए विवरण पर आधारित है। अत:, आवेदकों को विशेष रूप से सलाह दी जाती है कि कृपया ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में सभी विवरण सावधानीपूर्वक एवं सही-सही भरें।

एम. आवेदकों को ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अपनी दस्तावेज/प्रमाणपत्र, फोटो व हस्ताक्षरों को स्कैन करके तैयार रखना चाहिए ताकि इन्हें ऑनलाइन पंजीकरण के समय अपलोड किया जा सके।

n. कृपया नोट करें कि वैध हस्ताक्षर व फोटो तथा ऊपर लिखित जरूरी दस्तावेज़ के बगैर **'ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म'** स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

ओ. **आवश्यक:**

- चार चरणीय प्रक्रिया :
  - I. पंजीकरण
  - II. एक्टीवेशन
  - III. अभ्यर्थी विवरण भरें, अपलोड दस्तावेज़, हस्ताक्षर, फोटो व एप्लीकेशन सबमिट करें।
  - IV. स्टेट बैंक कलेक्ट के माध्यम से शुल्क का भुगतान करें (यदि शुल्क लागू हो तो)।
- यह साइट इंटरनेट एक्सप्लोरर वर्जन 8.0 या उससे ऊपर वाले वर्जन व 1200 x 800 रिसोल्यूशन में सबसे बेहतर दिखाई देती है।

11.0 साक्षात्कार के लिए चयनित आवेदकों को को शारीरिक स्वस्थता और कमांड टेस्ट/**साक्षात्कार हेतु उपस्थित होते** समय निम्नलिखित दस्तावेज अनिवार्यत: होने चाहिए :

- पैन कार्ड/ वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस/ आधार कार्ड/ वोटर आईडी/कॉलेज आई डी/ सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र।
- बुलावा पत्र'' की फोटोग्राफ सहित एक स्पष्ट प्रिंटेड आउटपुट।
- पूर्ण ऑन-लाइन आवेदन प्रपत्र का एक स्पष्ट प्रिंटेड आउटपुट।

- शैक्षिक योग्यता के समर्थन में स्व-सत्यापित प्रमाणपत्रों की प्रतियां (डिग्री प्रमाणपत्र व अंक-पत्र दोनों की), अनुभव, जाति, जन्म-तिथि प्रमाणपत्र आदि।
- ऊपर लिखे गए सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियां।

12.0 महत्वपूर्ण तारीखें

ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की तारीख का प्रारंभ	**04/12/2018 (1000 बजे से)**
ऑन-लाइन आवेदन जमा करने की आखिरी तारीख	**19/12/2018 (1700 बजे तक)**
आवेदन शुल्क का भुगतान	**04/12/2018 to 19/12/2018**
ऑनलाइन आवेदन के साथ जमा किया जाने वाला आवेदन शुल्क	**केवल सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष** अभ्यर्थियों द्वारा **₹.** 500/- का गैर वापसीयोग्य आवेदन शुल्क देय होगा। महिला अभ्यर्थियों, अनुसूचित जाति, जन-जाति, सेवा के दौरान मारे गए रक्षा-कर्मियों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए) को इस शुल्क के भुगतान से **छूट होगी।**

13.0 सामान्य शर्तें :

ए) केवल 18 वर्ष और उससे अधिक की आयु पूरा करने वाले **भारतीय नागरिक** ही आवेदन कर सकते हैं।

बी) आवेदन करने से पहले, आवेदक को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उससे संबंधित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं । यदि अभ्यर्थी पात्र नहीं है, तो उसकी अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर निरस्त कर दी जाएगी । यदि अभ्यर्थी चयन-प्रक्रिया में योग्य पाया जाता है और बाद में यह पाया जाता है कि वह पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता, तो उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी और यदि ऐसे में नियुक्ति होती है, तो बिना किसी सूचना अथवा प्रतिपूर्ति के उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी ।

सी) यदि किसी आवेदक द्वारा कई/दोहरे आवेदन किए जाते हैं तो केवल अंतिम रूप से किए गए आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।

डी) अधिकतम आयु सीमा और अर्हता के बाद लिए गए अनुभव की गणना के लिए कट-ऑफ तारीख, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख जो कि 19/12/2018 होगी ।

ई) अभ्यर्थी की नियुक्ति उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन और अन्य प्रमाणपत्रों के सत्यापन किए जाने तक अस्थायी रहेगी । यदि उपर्युक्त सत्यापन से यह पता चलता है कि एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग का होने से संबंधित अभ्यर्थी का दावा और अन्य प्रमाणपत्र गलत हैं, तो बिना कोई कोई कारण बताए उनकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकतीं हैं । इस प्रकार के गलत

जाति प्रमाणपत्रों/प्रमाणपत्रों को प्रस्तुत करने पर, जैसा उचित समझा जाएगा, एनपीसीआईएल, अभ्यर्थी के विरुद्ध इस प्रकार की आगे की कार्रवाई करने का अधिकार भी अपने पास सुरक्षित रखता है।

एफ) निर्धारित आवश्यक अर्हता न्यूनतम है और मात्र न्यूनतम अर्हता रखना ही अभ्यर्थी को शारीरिक स्वस्थता और कमांड टेस्ट/साक्षात्कार के बुलाए जाने के पात्रता नहीं करता

जी) विज्ञापन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की विधिवत हस्ताक्षरित हार्ड प्रति के साथ मूल दस्तावेजों (सत्यापन के लिए) और स्व-प्रमाणित प्रतियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा।

एच) आवश्यकता होने पर, एनपीसीआईएल के पास इस भर्ती प्रक्रिया को किसी पूर्व सूचना के या कोई कारण बताए बगैर, रद्द /सीमित/वर्धित /संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी अन्य प्रकार के हालत में आवश्यकता पड़ने पर एनपीसीआईल अपने विवेक से शारीरिक स्वस्थता परीक्षण/साक्षात्कार का आयोजन पुनः करा सकता है ।

आई) उपयुक्त अभ्यर्थी के न पाए जाने पर एनपीसीआईएल किसी पद के लिए अभ्यर्थी का चयन न करने का अधिकार रखता है।

जे) चयनित अभ्यर्थी का चिकित्सा परीक्षण एनपीसीआईएल के प्राधिकृत चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

के) एनपीसीआईएल में किसी अभ्यर्थी की नियुक्ति निर्धारित प्राधिकारियों द्वारा चरित्र व पूर्ववृत्त और विशेष सुरक्षा प्रश्नावली के सत्यापन के पश्चात ही किया जाएगा।

एल) विज्ञापित सभी पद, कार्पोरेशन की किसी इकाई अथवा एनपीसीआईएल की आवश्यकता के अनुसार भारत में किसी अन्य स्थान पर सेवाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी जुड़ी हुई है।

एम) यदि आवेदक को एनओसी अथवा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न करा पाने के कारण साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं मिलती तो उन्हें यात्रा व्यय प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी।

एन) मात्र न्यूनतम अर्हता रखना ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए बुलाए जाने की पात्रता प्रदान नहीं करता।

ओ) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दर्ज मोबाइल नंबर व ई-मेल आईडी कम से कम एक वर्ष तक सक्रिय रखी जानी चाहिए। **एक बार दर्ज किए जाने के बाद ई-मेल आईडी को बदलने की अनुमति नहीं होगी।** भविष्य के सभी पत्राचार केवल इसी ई-मेल आईडी के माध्यम से ही किए जाएंगे।

पी) अंग्रेजी संस्करण के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा के विज्ञापन के निर्वचन में किसी प्रकार का संदेह या विवाद होने की स्थिति में केवल अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

क्यू) किसी विवाद की स्थिति में, न्यायिक क्षेत्र मुंबई होगा।

आर) यदि भर्ती प्रक्रिया अथवा इसके बाद के किसी चरण के दौरान यह पाया जाता है कि, आवेदक :

i. ने गलत जानकारी उपलब्ध कराई है या झूठे दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या,
ii. ने प्रासंगिक जानकारी को छुपाया है, या,
iii. ने इस भर्ती की पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं किया है, या
iv. ने चयन प्रक्रिया के दौरान अवांछित तरीकों का प्रयोग किया है या,
v. को प्रतिरूपण का दोषी पाया गया है या,
vi. ने अशांति फैलाने वाला आचरण किया है जिससे को शारीरिक स्वस्थता और कमांड टेस्ट / साक्षात्कार को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा किया जाना प्रभावित हुआ है अथवा,
vii. छेड़छाड़ किए हुए अथवा अप्राशंगिक फोटोग्राफ अपलोड करने पर,

तो, उसे अयोग्य घोषित किया जा सकता है, उसके विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया अपनाई जा सकती है और उसे एनपीसीआईएल में किसी भी प्रकार की नियुक्ति से वंचित किया जा सकता है तथा उसके आवेदन/नियुक्ति को तत्काल प्रभाव से रद्द/निरस्त कर दिया जाएगा।

एस) इस विज्ञापन के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थीगण अद्यतन जानकारी के लिए कृपया समय समय पर एनपीसीआईएल के वेब पोर्टल पर विजिट करते रहें।

टी) **किसी भी रूप में सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा।**

14.0 हमसे संपर्क करने का तरीका :

- आवेदक किसी भी पूछ-ताछ के लिए कृपया 'कान्टेक्ट अस' लिंक पर सबमिट कर सकते हैं।
- केवल दिनांक **04.12.2018 (1100 बजे से)** दिनांक **19. 12.2018 (1300 बजे तक)** के दौरान की जाने वाली पूछ-ताछ का ही प्रत्युत्तर दिया जाएगा।
- इस विहित अवधि के दौरान भी केवल अग्निशमन कार्मिक की भर्ती से संबंधित वैध सवालों के ही जवाब दिए जाएंगे।

अग्निशमन कार्मिक की भर्ती से संबंधित और अधिक जानकारी/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट आदि केवल www.npcilcareers.co.in और www.npcil.nic.in पर ही अपलोड किया जाएगा। कृपया इन वेब पोर्टल का ही संदर्भ लें ।

एनपीसीआईएल, स्त्री-पुरुष समानता वाला कार्यबल सृजित करने के लिए सदैव प्रयत्नशील है एवं महिला आवेदकों से इन पदों हेतु आवेदन के लिए विशेष आग्रह किया जाता है।

न्यूक्लियर विद्युत- स्वच्छ एवं संधारणीय भविष्य प्रदाता।

---------- X ----------

बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) :

प्रश्न-1	मुझे ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट कहां भेजना चाहिए?
उत्तर	ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट **कहीं नहीं भेजा जाना है ।** केवल साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट को इस विज्ञापन में बताए गए अपने अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार के समय लाना है।
प्रश्न-2	क्या मुझे अपनी योग्यता, जाति, नि:शक्तता संबंधी प्रमाणपत्र/ दस्तावेज की प्रतियां भेजनी चाहिए?
उत्तर	कृपया कोई भी दस्तावेज एनपीसीआईएल को न भेजें। विज्ञापन में वर्णित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियां अपलोड करें।
प्रश्न-3	मैंने अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत किया है, लेकिन मुझे अपनी पंजीकरण संख्या याद नहीं है और मैंने ऑनलाइन आवेदन फॉर्म" का प्रिंटआउट भी नहीं लिया है। ऐसे में मुझे क्या करना होगा ?
उत्तर	आपको अपना ईमेल देखना है। पंजीकरण के बाद प्रत्येक आवेदक को पंजीकरण संख्या और नाम वाला एक ईमेल भेजा जाता है। शार्टलिस्ट होने पर साक्षात्कार के समय "ऑनलाइन आवेदन फॉर्म" की आवश्यकता होगी।
प्रश्न-4	मैं अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जांच कैसे कर सकता हूं ?
उत्तर	आप 'एप्लीकेशन लॉग-इन' मीनू पर पर क्लिक कर सकते हैं और इस वेबसाइट में अपने संबंधित विवरण को भरकर अपने आवेदन की स्थित देख सकते हैं।
प्रश्न-5	मैं अपने आवेदन शुल्क का भुगतान कैसे कर सकता हूं ?
उत्तर	आवेदन शुल्क का भुगतान केवल स्टेट बैंक कलेक्ट ऑनलाइन के माध्यम से ही किया जा सकता है।
प्रश्न-6	क्या मैं स्टेट बैंक कलेक्ट ऑनलाइन की बजाए चेक/डीडी/बैंक चालान आदि भेज सकता हूं?
उत्तर	नहीं
प्रश्न-7	मैं अनु.जाति/जनजाति/ अ.पि.व. का आवेदक हूं परंतु मेरे पास जाति प्रमाणपत्र नहीं है। क्या मैं सामान्य वर्ग में आवेदन कर सकता हूं ?
उत्तर	यदि आप ऐसा चाहते हैं और सामान्य वर्ग की पात्रता रखते हैं, तो अपना वर्ग 'सामान्य वर्ग' घोषित करते हुए आवेदन कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में आपको सामान्य वर्ग का आवेदक माना जाएगा और बाद में आपको अपना वर्ग बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आपके लिए कोई छूट/रियायत भी उपलब्ध नहीं होगी।
प्रश्न-8	मैं एक सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में कार्यरत हूं। क्या साक्षात्कार के समय मुझे अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा?
उत्तर	केंद्रीय/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/ सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत ऐसे आवेदक जिनका नाम चयनित सूची में आ गया हो, को अपने संगठन से अनापत्ति प्रमाणपत्र लाना होगा अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।
प्रश्न-9	क्या मुझे डीसीएफओ/ए पद के साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा ?
उत्तर	साक्षात्कार में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों को यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा। बाहर से आने वाले चयनित व साक्षात्कार के लिए बुलाए गए आवेदकों को विज्ञापन में दिए गए विवरण के अनुसार यात्रा व्यय का भुगतान किया जाएगा। तदनुसार, साक्षात्कार के लिए बुलाए गए आवेदकों को यथाविहित प्रारूप में अपना बैंक विवरण जमा करना होगा।
प्रश्न-10	कृपया 'आवेदन शुल्क' के बारे में बताएं।
उत्तर	केवल सामान्य/ अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों को ही रु. 500/- की गैर-वापसीयोग्य राशि देय होगी। उस पर देय बैंक प्रभार का वहन भी अभ्यर्थी द्वारा ही किया जाएगा। महिला आवेदकों तथा अनु.जा;/ज.जा./कार्रवाई के

	दौरान मारे गए सैनिकों के आश्रितों (डीओडीपीकेआईए) तथा शारीरिक नि:शक्तता वाले व्यक्तियों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने से छूट प्राप्त है।
प्रश्न-11	मैंने ऑनलाइन आवेदन भरा है। क्या मेरे आवेदन को स्वीकार न किए जाने की कोई संभावना है ?
